# Result Mitra Daily Magazine

## कैंसर मून शॉट पहल

### ✓ हालिया संदर्भ :

- QUAD समूह ने वैश्विक स्तर पर कैंसर से जुड़ी एक अभूतपूर्व पहल की शुरुआत की।
- 'कैंसर मूनशॉट' नामक यह पहल भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान एवं USA द्वारा लांच की गई है।
- यह पहल सर्वाइकल कैंसर की जांच की विस्तार करने, HPV या ह्यूमन पेपिलोमा वायरस के खिलाफ वैक्सीनेशन बढ़ाने और रोगियों के इलाज पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### ✓ घोषणा :

- इस पहल की घोषणा जो बाइडेन द्वारा की गई, जिसके अनुसार यह रोके जाने वाली बीमारी है तथा इंडो पेसिफिक क्षेत्र में एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है।
- सर्वाइकल कैंसर के अलावा कैंसर के अन्य स्वरूपों के लिए भी इस पहल के तहत आधार तैयार किया जाएगा।

## ✓ भारत का योगदान :

- प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत सर्वाइकल कैंसर के लिए AI–आधारित उपचार प्रणाली पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- उन्होंने कहा कि यह पहल इंडो– पेसिफिक क्षेत्र में लोगों को सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रणाली प्राप्त करने में महत्वपूर्ण होगा।
- भारत सरकार ने इस पल में 7.5 मिलियन USD की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की।
- इसके अलावा भारत इंडो–पेसिफिक क्षेत्र में रेडियोथैरेपी इलाज एवं कैंसर रोकथाम क्षमता निर्माण के लिए भी सहायता प्रदान करेगा।
- GAVI (Global Alliance for Vaccination and Immunization) एवं QUAD कार्यक्रम के तहत इंडो–पेसिफिक क्षेत्र में भारत 40 मिलियन वैक्सीन की खुराक की आपूर्ति करेगा।
- साथ ही भारत WHO की डिजिटल स्वास्थ्य पल में 10 मिलियन USD के सहायता के साथ इंडो–पेसिफिक क्षेत्र में कैंसर की जांच एवं देखभाल के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करता रहेगा।

## ✓ मौत का कहर :

- सर्वाइकल कैंसर इंडो–पेसिफिक क्षेत्र में महिलाओं में होने वाली मौत का तीसरा प्रमुख कारण है।
- इस क्षेत्र में 10 में से 1 से भी कम महिलाओं ने टीकाकरण पूरा किया है, जबकि 10% से कम महिलाओं ने इसके लिए जांच करवाया है।

## ✓ सहयोग भागीदार :

- QUAD सदस्य राष्ट्रीय स्तर पर निजी एवं सरकारी क्षेत्र के सहयोग से अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देकर कैंसर रोकथाम एवं इलाज के लिए प्रयास करेंगे।
- सहयोगी राष्ट्रीय जांच की लागत कम करने के लिए HPV डायग्नोस्टिक की थोक खरीद पर UN एजेंसियों से सामंजस्य बनाकर कार्य करेंगे।
- इसके अलावा यह देश मेडिकल इमेजिंग एवं विकिरण चिकित्सा की पहुंच के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी से भी सहयोग प्राप्त करेंगे।

Note : जो बिडेन एवं जिल बाइडेन ने 2022 में USA में कैंसर मृत्यु दर में 50% से ज्यादा कमी लाने के उद्देश्य से कैंसर की घोषणा की थी।

- इसके तहत 2047 तक 4 मिलियन से ज्यादा कैंसर से होने वाली मौत को रोकने का लक्षण निर्धारित किया गया था।

## ✓ सर्वाइकल/गर्भाशय ग्रीवा कैंसर :

- यह कैंसर महिलाओं के गर्भाशय ग्रीवा (Cervix) में विकसित होता है।
- HPV इस संक्रमण के लिए जिम्मेदार है, जो सामान्यत: यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है।

Result Mitra

- वैश्विक स्तर पर महिलाओं में होने वाले कैंसर संक्रमण में सर्वाइकल कैंसर मरीजों की संख्या चौथे स्थान पर है।
- HPV के 14 टाइपों की पहचान की जा चुकी है, जिसमें Type-14 एवं 18 सबसे ज्यादा खतरनाक है, जो वैश्विक स्तर पर 70% सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार है।

✓ **भारत :**

- कैंसर का यह प्रकार भारत में महिलाओं में होने वाले दूसरा सबसे सामान्य संक्रमण है।
- इसका प्रभाव मुख्यतः मध्यम आयु वर्ग के महिलाओं में देखा जा सकता है।
- 2022 के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर से 77,348 लोगों की मौत हुई जबकि 1.23 लाख से ज्यादा नए मामले दर्ज किए गए।
- मरीजों एवं मौतों के मामले में भारत वैश्विक स्तर पर 20% से ज्यादा का योगदान देता है।

✓ **CERVAVAC:**

- यह एक स्वदेशी HPV वैक्सीन है, जो Type-6, 11, 16 एवं 18 के विरुद्ध प्रभावी क्षमता रखता है।
- यह वैक्सीन VLP (Virus like Particles), जो हेपेटाइटिस-B के टीकाकरण के लिए प्रयोग किया जाता है, के समान ही प्रणाली पर आधारित है।
- वर्ष 2023 में इसे सीरम इंस्टीट्यूट के द्वारा लांच किया गया था।

Note : स्तन कैंसर (Breast Cancer) भारत में महिलाओं में सबसे सामान्य है।

TM
Result Mitra